भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +1**16**
सोमवार, 3 फरवरी, 2020/14 माघ, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुंटूर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देना

+116. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में सुप्त ज्वालामुखी की जानकारी है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उक्त क्षेत्र में प्रसिद्ध लक्ष्मी-नरसिम्हा मंदिर भी है; और

(ग) यदि हां, तो इस ज्वालामुखी और मंदिर में और इसके आस-पास पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा अभी तक क्या प्रयास किए गए हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): युवा उन्नति, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार ने हमें यह सूचित किया है कि वे स्थानीय लोगों के बीच इस धारणा से परिचित हैं कि गुंटूर जिले में एक निष्क्रिय ज्वालामुखी तथा लक्ष्मी- नरसिम्हा मंदिर है ।

(ग): आंध्र प्रदेश सरकार ने यह सूचित किया है कि उनके अक्षयनिधि विभाग ने प्रसाधन, प्रतीक्षा कक्ष, पेयजल व्यवस्था आदि जैसी मूलभूत पर्यटक सुविधाएं प्रदान की हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने भी प्रशाद योजना के तहत वर्ष **2015-16** में पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती शहर, गुंटूर जिला के विकास के लिए **28.36** करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी ।

पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के तहत एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है । वर्तमान में जारी कार्यकलापों के एक भाग के रूप में यह मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजार में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किया जाता है । इसके अतिरिक्त भारत तथा विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के प्रदर्शन के उद्देश्य से सूचना का प्रसार करते हैं और विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं ।

****